HEMWATI NANDAN BAHUGUNA UTTARAKHAND MEDICAL EDUCATION UNIVERSITY
हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय
New Hope Town (Sisambada), PO : Selaqui, Dehradun (India)
न्यू हाप टाउन (सिसमबाडा) पत्रालय : सेलाकुई, देहरादून
Dehradun- 248 011 Uttarakhand (India) Phone: 0135-2723321/2723322
देहरादून–248011 उत्तराखण्ड (भारत) दुरभाष : 0135.2723321 / 2723322
Website :www.hnbumu.ac.in , E-mail : info.hnbumu@gmail.com/ vcsectt.hnbumu@gamil.com

पत्रांक–2736/HNBUMU/ कु0स0 / सम्बद्धता / 2022–23 दिनांकः 26 दिसम्बर, 2022

सहमति / अनापत्ति पत्र

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी शासनादेश संख्या–79546 / 2022 / XXVIII(6)/2022-(Nursing) Medical Health and Medical Education Department दिनांक 29 नवम्बर, 2022 के माध्यम से "हरिद्वार कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुस्तफाबाद, हरिद्वार उत्तराखण्ड" को बी0एस–सी0 नर्सिंग–30 सीट (नवीन पाठ्यक्रम) हेतु शैक्षणिक सत्र 2022–23 के संचालन हेतु अनिवार्यता प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जिसके क्रम में सम्बन्धित संस्थान द्वारा हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय से वार्षिक सहमति / सम्बद्धता प्राप्त किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

अतएव हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के अधिनियम–2014 की धारा 36 एवं विनियम–2020 की धारा–26 के क्रम में "हरिद्वार कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुस्तफाबाद, हरिद्वार उत्तराखण्ड" द्वारा किये गये आवेदन के आलोक में, बी0एस–सी0 नर्सिंग–30 सीट (नवीन पाठ्यक्रम) शैक्षणिक सत्र 2022–23 के संचालन हेतु सहमति / सम्बद्धता निम्न शर्तों के अधीन स्वीकृति प्रदान की जाती है।

1. विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता हेतु कराये गये निरीक्षण में कॉलेज द्वारा समस्त निर्धारित मानक आई0एन0सी0 मानकानुसार करने होंगे।
2. संस्थान द्वारा मा0 राज्यपाल महोदय के पत्रांक–1739 / जी0एस0(शिक्षा) / ए4–135 / (1) / 2017 दिनांक 18 अगस्त, 2022 के अनुपालन में सत्रों में परिलक्षित विसंगतियों / कमियों के निराकरण कराये तथा सम्बद्धता आदेश के बिना छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा और ना ही विश्वविद्यालय द्वारा उक्त छात्रों की परीक्षायें सम्पादित की जायेगी।
3. विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं, संकाय सदस्यों एवं प्राचार्यों की बायोमैट्रिक उपस्थिति हेतु विकसित सॉफ्टवेयर (ERP-Attendance Management System) के माध्यम से प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज की जायेगी।
4. विभिन्न पाठ्यक्रमों में राजकीय कोटे की रिक्त सीट भरे जाने की अग्रिम कार्यवाही विश्वविद्यालय की अनुमति के उपरान्त ही की जा सकेंगी।
5. सीटों के संचालन हेतु उत्तराखण्ड नर्सेज एण्ड मिडवाईव्ज काउन्सिल / स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा मान्यता प्राप्त होने के उपरान्त ही विश्वविद्यालय की कार्यवाही की जाएगी।
6. सहमति / सम्बद्धता हेतु समय–समय पर निर्धारित किये गये शुल्क देय होंगे।

26/12/2022

(प्रो0(डॉ0) महेन्द्र कुमार पन्त)
कुलसचिव।

Scanned with Cam